RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक

जोधपुर

माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 | अंक : 226 | 30 जुलाई, 2024 | मूल्य : 30/-प्रति

परमपूज्य गुरूवर,

जब आप हमारी शंकाएं दूर करते हैं, तब आप शंकर लगते हैं
जब मोह दूर करते हैं, तब आप मोहन लगते हैं
जब विष दूर करते हैं, तब आप विष्णु लगते हैं
जब भ्रम दूर करते हैं, तब आप ब्रह्मा लगते हैं
जब दुर्गति दूर करते हैं, तब आप दुर्गा लगते हैं
जब गुरूर दूर करते हैं, तब आप गुरूजी लगते हैं
इसलिए तो कहा है...

गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णु गुरूर्देवो महेश्वरः
गुरू साक्षात परंब्रह्मःतस्मै श्रीगुरूवे नमः

अजमेर (राज.) में आयोजित

परिचय सम्मेलन की झलकियां

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831 Postal Regd No. Jodhpur/496/2024-26

माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 19 ● अंक 225 ● 30 जुलाई, 2024 ● ● मूल्य : 30/-प्रति ●

माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण

श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम जोधपुर)

श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला
(समाजसेवी / भामाशाह)

श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी
(उद्योगपति / समाजसेवी)

श्रीमान प्रकाश चौहान
(उद्योगपति/भामाशाह)

श्रीमान नेमीचंद गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान पुखराज सांखला
(अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर)

डॉ. किशन माली
(शिक्षक/ समाजसेवी)

श्रीमान ब्रह्मसिंह चौहान
(जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा
(उद्योगपति)

श्रीमान भगवानसिंह गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान सुरेश सैनी
(समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) सुरेन्द्र देवड़ा
(ह्रदय रोग विशेषज्ञ, एम्स)

श्रीमान अशोक पंवार
(कॉन्ट्रेक्टर/भामाशाह)

श्रीमान संपतसिंह कच्छवाहा
(शिक्षाविद्/ समाजसेवी)

श्रीमान इंद्रसिंह सांखला
(समाजसेवी)

श्रीमान नरेश सांखला
(कॉन्ट्रेक्टर / समाजसेवी)

श्रीमान प्रवीण सिंह परिहार
(बिल्डर / उद्योगपति)

श्रीमान रामेश्वरलाल कच्छवाहा
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) पवन परिहार
(शिशु रोग विशेषज्ञ, पावटा स्टेलाइट)

श्रीमान अरविंद कच्छवाहा
(व्यवसायी/समाजसेवी)

श्रीमान प्रीतम गहलोत
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान आर.पी. सिंह परिहार
(उद्योगपति/समाजसेवी)

श्रीमान बंशीलाल सैनी
(व्यवसायी/समाजसेवी)

सी.ए. श्रीमान महेश गहलोत
(उद्योगपति/समाजसेवी)

श्रीमान आदित्य सिंह गहलोत
(युवा राजनेता/समाजसेवी)

श्रीमान चंद्रसिंह देवड़ा
(समाजसेवी/उद्योगपति)

श्रीमान प्रकाश सिंह गहलोत
(कॉलोनाईजर/समाजसेवी)

श्रीमान दीपक सिंह गहलोत
(आईटी एक्सपर्ट/भामाशाह)

श्रीमान महेश गहलोत
(उद्योगपति/भामाशाह)

श्रीमान रामचंद्र सोलंकी
(पूर्व अध्यक्ष, रामदेवरा धर्मशाला)

ई. श्रीमान हरिसिंहजी पंवार
(MD, Teren Power PVt. Ltd.)

श्रीमान रोशनलाल कच्छवाह
(रीयल स्टेट / समाजसेवी)

श्रीमान नीलेश सोलंकी
(रीयल स्टेट / समाजसेवी)

श्रीमान प्रभाकर टाक
(चेयरमेन / समाजसेवी)

माली सैनी संदेश संरक्षक सदस्यता अभियान में आपका हार्दिक स्वागत है

माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण

जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)

एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)

श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)

श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)

श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)

श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)



श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)

श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

संपादक की कलम से...

विवाह की बढ़ती उम्र पर खामोशी क्यों...?

कुंवारे बैठे लड़के-लड़कियों की एक गंभीर समस्या आज सामान्य रुप से सभी समाजों में उभर के सामने आ रही है। इसमें उम्र तो एक कारण है ही मगर समस्या अब इससे भी कहीं आगे बढ़ गई है, क्योंकि 30 से 35 साल तक की लड़कियां भी कुंवारी बैठी हुई है। इससे स्पष्ट है कि इस समस्या का उम्र ही एकमात्र कारण नहीं बचा है। ऐसे में लड़के लड़कियों के जवां होते सपनों पर न तो किसी समाज के कर्ता-धर्ताओं की नजर है और न ही किसी रिश्तेदार और सगे संबंधियों की। हमारी सोच कि हमें क्या मतलब है में उलझ कर रह गई है। बेशक यह सच किसी को कड़वा लग सकता है लेकिन हर समाज की हकीकत यही है, 25 वर्ष के बाद लड़कियां ससुराल के माहौल में ढल नहीं पाती है, क्योंकि उनकी आदतें पक्की और मजबूत हो जाती हैं अब उन्हें मोड़ा या झुकाया नहीं जा सकता जिस कारण घर में बहस, वाद विवाद, तलाक होता हैं बच्चे सिजेरियन ऑपरेशन से होते हैं जिस कारण बाद में बहुत सी बिमारी का सामना करना पड़ता है।

शादी के लिए लड़की की उम्र 18 साल व लड़के की उम्र 21 साल होनी चाहिए ये तो अब बस आंकड़ों में ही रह गया है। एक समय था जब संयुक्त परिवार के चलते सभी परिजन अपने ही किसी रिश्तेदार व परिचितों से शादी संबंध बालिग होते ही करा देते थे। मगर बढ़ते एकल परिवारों ने इस परेशानी को और गंभीर बना दिया है। अब तो स्थिति ऐसी हो गई है कि एकल परिवार प्रथा ने आपसी प्रेम व्यवहार ही खत्म सा कर दिया है। अब तो शादी के लिए जांच पड़ताल में और कोई तो नेगेटिव करें या न करें पर अपने ही खास सगे संबंधी उसे नेगेटिव कर, बनते संबंध खराब कर देते है।

उच्च शिक्षा और हाई जॉब, बढ़ा रहे उम्र : यूं तो शिक्षा शुरू से ही मूल आवश्यकता रही है लेकिन पिछले डेढ़ दो दशक से इसका स्थान उच्च शिक्षा या कहे कि कमाने वाली डिग्री ने ले लिया है। इसकी पूर्ति के लिए अमूमन लड़के की उम्र 23-24 या अधिक हो जाती है। इसके दो-तीन साल तक जॉब करते रहने या बिजनेस करते रहने पर उसके संबंध की बात आती है। जाहिर से इतना होते-होते लड़के की उम्र तकरीबन 30 के इर्द -गिर्द हो जाती है। इतने तक रिश्ता हो गया तो ठीक, नहीं तो लोगों की नजर तक बदल जाती है। यानि 50 सवाल खड़े हो जाते है।

प्रति के हिसाब से 30 प्लस का पड़ाव चिंता देने वाला है। न केवल लड़के-लड़की को बल्कि उसके माता-पिता, भाई-बहन, घर-परिवार और सगे संबंधियों को भी। सभी तरफ से प्रयास भी किए, बात भी जंच गई लेकिन हर संभव कोशिश के बाद भी रिश्ता न बैठने पर उनकी चिंता और बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, शंका-समाधान के लिए मंदिरों तक गए, पूजा-पाठ भी कराए, नामी विशेषज्ञों ने जो बताए वे तमाम उपाय भी कर लिए पर बात नहीं बनती। मेट्रीमोनी वेबसाइट्स व वाट्सअप पर चलते बायोडेटा की गणित इसमें कारगार होते नहीं दिखाई देते। बिना किसी मीडिएटर के संबंध होना मुश्किल ही होता है। मगर कोई मीडिएटर बनना चाहता ही नहीं है। मगर इन्हें कौन समझाए की जब हम किसी के मीडिएटर नहीं बनेंगे तो हमारा भी कोई नहीं बनेगा। एक समस्या ये भी हम पैदा करते जा रहे है कि हम सामाजिक न होकर एकांतवादी बनते जा रहे है।

क्यों नहीं सोचता समाज : समाज सेवा करने वाले लोग आज अपना नाम कमाने के लिए लाखों रुपए खर्च करने से नहीं चूकते लेकिन बिडम्बना है कि हर समाज में बढ़ रही युवाओं की विवाह की उम्र पर कोई चर्चा करने की व इस पर कार्य योजना बनाने की फुर्सत किसी को नहीं है। कहने को हर समाज की अनेक संस्थाएं हैं वे भी इस गहन बिन्दु पर चिंतित नजर नहीं आती।

पहल तो करें : हो सकता है इस मुद्दे पर समाज में पहले कभी चर्चा हुई हो लेकिन उसका ठोस समाधान अभी नजर नहीं आता। तो क्यों नहीं बीड़ा उठाएं कि एक मंच पर आकर ऐसे लड़कों व लड़कियों को लाएं जो बढ़ती उम्र में हैं और समझाइश से उनका रिश्ता कहीं करवाने की पहल करें। यह प्रयास छोटे स्तर से ही शुरू हो।

मनीष गहलोत
संपादक

मेरा समाज के सभी सामाजिक और राजनैतिक संगठनों के नेतृत्वकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस गंभीर समस्या पर चर्चा करें और एक ऐसा रास्ता तैयार करें जो युवाओं को भटकाव के रास्ते से रोककर विकास के मार्ग पर ले जा सकें। स्वार्थ न समझकर परोपकार समझ कर सहयोग करें।

जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।
समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार
विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

जिला मुख्यालय सहित विभिन्न शहरों व गांवों में गुरु पूर्णिमा का महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

नागौर। भारतीय संस्कृति के अनुसार विभिन्न संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ-साथ जनमानस द्वारा व्यक्तिगत रूप से भी श्रद्धा व समर्पण भाव का पर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। अपने-अपने गुरु के प्रति इस अवसर पर श्रद्धा का व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से प्रकटीकरण किया गया। संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा के तत्वावधान में भी अमरपुरा स्थित धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव व संत श्री लिखमीदास जी महाराज का जन्म दिवस भी श्रद्धा भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मातृशक्ति व पुरुषों द्वारा भक्ति भाव से स्मारक स्थल व देव मंदिर के दर्शन किए गए तथा पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही सामूहिक आरती भी हुई। संस्थान परिसर में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का सांसद व संस्थान अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने अवलोकन किया तथा चिकित्सकों से शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के संबंध में जानकारी ली। इस शिविर में डॉ नरेन्द्र पंवार, डॉ हरवीर सिंह सांगवा, डॉ कैलाश ताडा, डॉ हेमलता सांखला एवं आयुर्वेद कंपाउंडर महेन्द्र राठी व सुनील लखारा द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। शिविर में परामर्श के साथ साथ संस्थान की तरफ से निशुल्क औषधि वितरण किया गया। डॉ हरवीर सांगवा द्वारा संधिशूल के रोगियों को अग्निकर्म चिकित्सा द्वारा राहत प्रदान की।

इस अवसर पर श्री के भजनों व वाणियों की प्रस्तुति की गई जिसमें चिंटू दाधीच, जुगल वैष्णव, रतन प्रजापत व तेजपाल द्वारा सुमधुर भजनों व वाणियों के माध्यम से भक्ति रस का संचार किया।

इस अवसर पर संस्थान उपाध्यक्ष मोती बाबा सांखला, महासचिव राधाकिशन तंवर, सह सचिव हरिश्चंद्र देवड़ा, कोषाध्यक्ष कमल भाटी, सहित कार्यकारिणी के सदस्य पारसमल परिहार, धर्मेंद्र सोलंकी तथा आईदान राम भाटी, मनोहर सांखला, सोयला के कालूराम सोलंकी, कृपाराम गहलोत सहित अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान की कार्यकारिणी की बैठक भी संपन्न हुई जिसमें पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्यों ने संस्थान के विभिन्न निर्माण कार्य, धार्मिक आयोजन व विभिन्न सह शैक्षिक गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। कार्यकारिणी द्वारा आगामी 1 से 5 दिसंबर तक सातवें पाटोत्सव के आयोजन के संबंध में भी निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत रविवार 1 दिसंबर को माली सैनी समाज के राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन करने का भी प्रस्ताव पारित हुआ। इस संबंध में कोषाध्यक्ष कमल भाटी के नेतृत्व में संचालन समिति के गठन पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर लूणाराम सोलंकी, सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान नागौर के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, सुमेर शिक्षण संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कच्छावा सहित देवकिशन सोलंकी, कैलाश गहलोत, बालकिशन, रामकुमार भाटी, दिनेश देवड़ा, पापालाल सांखला, महेंद्र गहलोत, टीकमचंद कच्छावा, रूपचंद टाक, मांगीलाल गहलोत, रामेश्वर माली, मोहन सिंह भाटी, सुरेश भाटी, गोविन्द पंवार, कुशाल कच्छावा व दीपक गहलोत सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।

गुरु पूर्णिमा व संतश्री का जन्म दिवस पर संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा खारीजोधा, जायल के प्रगतिशील किसान बजरंग लाल शर्मा को खेती के संबंध में नवाचार करने व संस्थान परिसर में कृषि भूमि का अवलोकन कर विभिन्न सलाह सुझाव देने व मार्गदर्शन करने पर दुपट्टा पहन कर भावभीना स्वागत किया गया। प्रगतिशील किसान शर्मा द्वारा भविष्य में खेजड़ी व बोर की नवाचार से युक्त पौध तैयार करने के संबंध में किसानों को प्रशिक्षण देने का भी आश्वासन दिया जिसे अधिकतम किसान संस्थान के माध्यम से इस प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सके।

अमेठी के कमल मौर्य इसरो में बने वैज्ञानिक

अमेठी। जनपद के गौरीगंज क्षेत्र के कमल मौर्य ने जिले का नाम रोशन किया है। कमल का चयन इसरो में वैज्ञानिक पद पर हुआ है। वह आईआईएसटी से अंतरिक्ष विज्ञान में बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद चयनित हुए हैं। उनके चयन से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

कमल मूलरूप से गौरीगंज क्षेत्र के गुदर गांव के निवासी हैं इसरो में चयन के बाद वह इस दौरान गांव आए हुए हैं। उनके पिता जय प्रकाश मौर्य अध्यापक हैं। उनकी माता सरोज मौर्य होम्योपैथिक चिकित्सक है। कमल मौर्य ने बताया कि छह जुलाई को उनका इसरो के लिए चयन हुआ है। उनका कहना है कि चचपन से ही वैज्ञानिक बनने का सपना था। वह वैज्ञानिक बनने की बात अपने घर में भी किया करते थे। उन्होंने उंचाहार स्थित एजीएस पब्लिक स्कूल से 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा पास की।

इसके बाद राजस्थान के कोटा मे आईआईटी के तैयारी करने चले गए। उन्होने बताया कि साल 2020 में उनका आईआईटी में चयन हुआ। इसके बाद उनका केरल के तिरूवनंतपुरम स्थित इसरो की यूनिवर्सिटी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस सांइस एंड टेक्नोलॉजी के लिए चयन हो गया। कमल ने स्पेस टेक्नोलॉजी मे बीटेक किया। छह जुलाई 2024 को बीटेक पढ़ाई पूरी होने के बाद इसरो मे वैज्ञानिक पद पर ज्वेसमेंट मिल गया। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी है। माली सैनी संदेश परिवार कमल को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देता है।

7 मंजिला शैक्षिक -समाजिक भवन बन रहा शिक्षा रोजगार को प्रोत्साहन, कोचिंग कल्चर को बढ़ा रहे

गौराधाय की जीवनी को पाठ्य पुस्तकों में करवाया शामिल
युवाओं को दे रहें बेहतर सुविधाएं
5 से ज्यादा शिक्षण संस्थान शिक्षा के उन्नयन में लगें हुए हैं

जोधपुर। माली समाज की ओर से शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने का प्रयास पिछले कई सालों से किया जा रहा है। माली संस्थान की ओर से शहर के रामबाग, कीर्तिनगर, गींताजली बिल्डिंग सहित स्थानो पर शिक्षा को बढावा देने के लिए युवाओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। माली संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार ने बताया कि कई सालों से युवाओं को बैकिंग सेक्टर की तैयारिया करवाने के साथ ही कई युवा ज्यादातर बैकिंग में ही सर्विस कर रहें है।

संस्थान की ओर से 2013 में शिक्षा के लिए दानदाता आंनदाराम और केवलराम की ओर से सालावास रोड़ पर 2 बीघा जमीन भी धर्मशाला सहित सामाजिक कार्यो के उद्देश्यों से दी गई थी। जिस पर संस्थान की ओर से कार्य करते हुए शिक्षा और सामाजिक कार्यो में उपयोग लेते हुए 7 मंजिला भवन बनाया जाएगा। इसके लिए कार्य भी शुरू हो चुका है।

सरकारी कर्मचारियों को रहने की सुविधा, बैंकिंग सर्विस में युवा हो रहें तैयार: परिहार ने बताया कि पिछले 40 सालों से शहर सहित आसपास के युवाओं को प्रेरित करते हुए बैंकिंग की तैयारियां करवाई जा रही हैं। राजस्थान के बाहर से भी 100 से ज्यादा युवतियां हॉस्टल मे तैयारियां में जुटी हुई हैं। माता का थान स्थित भवन में शहर के बाहर वाले सरकारी कर्मचारियों को रहने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाती है। वहीं सूरसागर स्थित माली सैनिक क्षत्रिय संस्थान के 10 सालों में अध्यक्ष पद पर कार्यरत रणवीरसिंह परिहार ने बताया कि 100 बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने के साथ ही कॉम्पीटिशन की तैयारिया भी लाइब्रेरी में करवाई जाती हैं।

गौराधाय ने अपने पुत्र का बलिदान दिया था: माली समाज की ओर से राजस्थान बोर्ड से संपर्क कर पिछले दिनों समाज की सैनिक क्षत्रागी त्यागमूर्ति गौराधाय को पाठ्य पुस्तकों में भी शामिल करवा चुके हैं। समाज के लोगों ने बताया कि पूरे देश के समाज की युवा पीढ़ी को गौराधाय की जीवनी से अवगत करवाने के उद्देश्य से पाठ्यपुस्तकों में शामिल करवाया गया। साथ ही महिलाओं को भी गौराधाय से प्रेरणा मिलें और वे समाज स्तर पर आगे आकर कार्य करने के साथ ही खुद को मजबुर भी बना सकें। गौरतलब है कि माली समाज के मंडोर निवासी मनोहर गोपा गहलोत की पत्नी गौराधाय ने अपने पुत्र का बलिदान देकर मारवाड़ के बाल महाराज अजीतसिंह की रक्षा की थी। वही राव हेमाजी गहलोत की जीवनी से भी अवगत करवाया जा रहा हैं। इससे समाज की महिलाओं को त्याग की भावना की प्रेरणा मिलती रहेगी।

संतो व जनप्रतिधियों की मौजूदगी में भवन का शिलान्यास समारोह

शिक्षा को समर्पित भवन के लिए माली समाज ने 4 घंटे में जुटाए 1 करोड़

तिंवरी। माली समाज में शिक्षा की जागृति एंव प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और निशुल्क शिक्षण व्यवस्था के लिए भवन निर्माण का भुमि पूजन एंव भवन निर्माण शुभांरभ कार्यक्रम शनिवार को पीछ वाले बेरे पर आयोजित हुआ। माली प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्था तिंवरी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संतों एंव जनप्रतिनिधियों का सान्निध्य रहा। इस मौके पर बालेसर रामद्वारा के संत रामरतन महाराज ने समाज में नशा मुक्ति का संदेश देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने का आह्वान किया। राजस्थान उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष एंव न्यायधीश देवेन्द्र कछवाह ने कहा कि दानदाताओं की ओर से भूमि का समर्पण शिक्षा के लिए करना समाज को एक नई दिशा देगा तथा समाज में शिक्षा का नया वातावरण स्थापित होगा जिससे देश के भविष्य का निर्माण सही हाथों से ही सकेगा। कार्यक्रम में सुनील परिहार ने कहा कि हमारा समाज शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा हैं। संस्थान निदेशक डूंगरराम टाक ने बताया कि समाज के भवन निर्माण के लिए भूमि दानदाता झनकारी देवी एंव उनके पुत्र पोलाराम, देवाराम व शेराराम परिहार का स्वागत किया साथ ही कार्यक्रम मे उपस्थित समाज बंधुओं ने लगभग एक करोड़ रूपए की राशि कि घोषणा कर अतिशीघ्र भवन निर्माण करने का निर्णय किया। गौरतलब हैं कि माली प्रतियोगी शिक्षण संस्था तिंवरी की ओर से दो वर्षो से अस्थाई भवन में परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है जिसमें समाज की एक सौ से अधिक छात्र छात्रए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी व अध्ययन कर रहे हैं। कार्यक्रम मे संत रामप्रसाद, जोधपुर नगर निगम उत्तर महामौर कुंती देवड़ा शिक्षा विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक प्रेमचंद सांखला, राजेश गहलोत, नरपत सिंह सांखला, युधिष्ठिर परिहार, अशोक गहलोत गंगानी, आरपी सिंह परिहार, पुखराज देवड़ा, अति.जिला आबकारी अधिकारी राधेश्याम परिहार, सहकारिता अधिकारी अमृतलाल, जेएनपीयू प्रो.दिनेश गहलोत, डॉ. महेन्द्र टाक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि-भामाशाह सहित क्षेत्र के समाज बंधु उपस्थित रहे।

स्केट्स से केदारनाथ के दर्शन कर लौटा 11 साल का हिमांशु

राजस्थान के कोटपूतली से तय किया स्केट्स से 600 किमी का सफर

हरिद्वार। स्केट्स से 11 साल का हिमांशु बाबा केदारनाथ के दर्शन कर लौटा है। बालक ने राजस्थान के कोटपूतली से छह सौ किलोमीटर का सफर तय किया। उसने स्केट्स से धार्मिक यात्रा शुरू करने का सफर अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से किया था। हरिद्वार से लौटते समय उसका समाज के लोगों ने स्वागत किया। राजस्थान के कोटपूतली निवासी हिमांशु सैनी आठवीं का छात्र है। हिमांशु ने बताया कि उसे स्केटिंग का शौक है। वह 12 जून को बाबा केदारनाथ की यात्रा पर स्केट्स से निकला था और सोन प्रयाग तक स्केट्स से गया। 23 जून को बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। इस दौरान उनके पिता अशोक कुमार सैनी और पिता का दोस्त अमित बाइक से साथ साथ रहें। हिमांशु ने स्केट्स से

अपनी धार्मिक यात्रा अयोध्या से की। वह स्केट्स से प्राण प्रतिष्ठा समारोह से अयोध्या पहुंचा था। हालांकि, अनुमति नहीं मिलने से समारोह में शामिल नही हो सका। अयोध्या जाने के लिए हिमांशु ने 704 किलोमीटर की लंबी यात्रा स्केट्स के जरिए ही की थी। वो आठ जनवरी को कोटपूतली से निकले थे। मार्च में हिमांशु कोटापूतली से 150 किलोमीटर दूर खाटू श्याम की यात्रा स्केट्स से कर चके हैं। किशोर हिमांशु सैनी का कहना है कि वह सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और गोमाता को राष्ट्रीय गो माता का दर्जा देने और गोहत्या पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध के मकसद से स्केट्स से धार्मिक यात्राएं कर रहे हैं। स्केटिंग मे भी अपना कॅरियर बनाएंगे। गुड़गांव मे एक साल पहले हुई प्रतियोगिता में उसने चौथा स्थान प्राप्त था

लुधियाना में जल्दी ही होगा सैनी सम्मेलनः लवलीन सिंह सैनी

अजय सैनी यूथ विंग लुधियाना देहाती के प्रधान नियुक्त

पटियाला। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज पंजाब के प्रधान कामरेड लवलीन सिंह सैनी ने कहा कि लुधियाना में जल्दी ही विशाल सैनी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होने सैनी सेवा समाज पंजाब की लुधियाना इकाई की मीटिंग को संबोधित करते कहा कि पंजाब में सैनी समाज का एकजुठ करने का सिलसिला शुरू किया हुआ है, जिसक अंतर्गत हर जिले में मीटिंग हो रही हैं। लुधियाना के समूह अधिकारियों को संबोधित करते उन्होने कहा कि लुधियाना में बडी संख्या में सैनी समाज रहता है,लिहाज हर परिवार के पास जाकर उनको संस्था के साथ जोड़ा जाए। संस्था के साथ अधिक से अधिक नौजवानों को जोड़ा जाए और समूह जिला इकाइयां यूथ विंग का गठन करें। उन्होने इस मौके यूथ विंग पंजाब के प्रधान अंकित सैनी के साथ सलाह करके अजय सैनी को लुधियाना देहाती का यूथ विंग का प्रधान नियुक्त किया।

अंकित सैनी ने बॉडी बिल्डिंग मुकाबलों में कई रिकार्ड कायम किए हैं। इस मौके अजय कुमार सैनी ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी दी गई है,वह उसे तनदेही और ईमानदारी के साथ निभाएंगे और नौजवान सैनी समाज को एकजुट करेंगे। जल्दी ही यूथ विंग की मीटिंग की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने कहा की कि नौजवान पीढ़ी

को नशे से दूर करने के लिए सैमीनार आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान यूथ विंग पंजाब के प्रधान अंकित सैनी ने कहा कि संस्था का यूथ विंग प्रदेश प्रधान लवलीन सिंह सैनी के कंधे के साथ कंधा लगा कर समाज को एकजुट करेंग। लुधियाना के को-ऑर्डिनेटर और प्रसिद्ध उद्योगपति अरूण सैनी, बीरेन्द्र सिंह, नवीन सैनी, यूथ विंग लुधियाना सिटी के प्रधान कुलदीप सैनी, अश्विनी सैनी, विक्रम सैनी के अलावा बड़ी संख्या में सैनी समाज के नेता उपस्थित थे। इस दौरान लुधियाना यूनिट की तरफ से पंजाब प्रधान लवलीन सैनी को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

एक करोड़ रूपए के लिए चीन में भीनमाल के कारोबारी की हत्या

भीनमाल। भागल भीम रोड़ भीमजी का बेरा निवासी सतीश कुमार(24) की चीन में एक करोड़ रूपए के लिए हत्या कर दी गई। 21 जून की रात को सतीश कुमार के पिता नरसाराम माली के मोबाइल कॉल आया। बदमाशों ने सतीश से बात करवाकर एक करोड़ की फिरौती मांगी। चीन के मोबाइल नंबर से वाट्सएप कॉल करके अपहरणकर्ताओं ने पैसे जल्दी देने के लिए मैसेज भी किए। किडनैपर ने सतीश के पिता को कहा कि वह फिरौती के 1 करोड़ रूपए मुंबई में चामुंडा मोबाइल के मालिक पारस चौधरी को दे दें।

पिता व परिजनों ने 50 लाख रूपाए देने की बात किडनेपर्स को कही, लेकिन वे नही माने। 24 जून के बाद युवक और अपहरण कर्ताओं का मोबाइल बंद रहा। चीन में रह रहे मारवाड़ी समाज के लोगो ने परिजनो से संपर्क करके युवक की मौत के बारे में जानकारी दी। पिता नरसाराम माली ने बताया कि अपहरणकर्ताओं का जब कॉल आया तों उसमें उनके बेटे सतीश से बात करवाई थी।



कारोबार के सिलसिले में सतीश गए थे चीन

डॉ सैनी ने जटिल कैंसर का सफल ऑपरेशन कर मरीज को दिया नया जीवनदान

चोमू। शहर के बाईपास पुलिया, सामोद रोड़ पर हाल ही में अपनी नवनिर्मित बिल्डिंग में शिफ्ट हुए सैनी हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी एंड ट्रोमा सेंटर के यूरोलॉजी विभाग डॉ आशुतोष सैनी कंसलटेंट यूरोलॉजिस्ट ने बताया कि एक 62 वर्षीय मरीज के छह महीने से पेशाब में खून आ रहा था।

डॉ.सैनी ने मरीज की कुछ जाँचे करवाई जिसमें पता लगा कि उनके गुर्दे की पेशाब की नली के निचले भाग में कैंसर की गाँठ है। अत: उन्होने मरीज के परिजनों को समझाया कि उन्हे बड़े ऑपरेशन की जरूरत है जिसमें गुर्दा, पिशाब की नली व कुछ भाग पिशाब की थैली का भी निकाला जाएगा। मरीज के परिजनों ने भी डॉ सैनी पर पूर्ण विश्वास जताया और ऑपरेशन की अनुमति दी। मरीज को ऑपरेशन हुए एक महीना हो गया। बायोप्सी की रिपोर्ट आने पे पता लगा की मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ्य व कैंसर मुक्त हो चुका है। यह जानकर मरीज के परिजन काफी खुश दिखे व डॉ. सैनी का उन्होने हाथ जोड़कर आभार जताया। अत:डॉ सैनी ने भी इस उपलब्धि के लिए हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बी.एस. सैनी, डॉ.आशीष, शंकरलाल व हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ को तहे दिल से धन्यवाद किया।

पुष्पा माली बनी खारिया सरपंच

खारिया, मीठापुर। गांव में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव का परिणाम रविवार रात को घोषित किया गया। ग्राम विकास अधिकारी महेन्द्र मालवीय ने बताया कि सुनीला गुर्जर को हराकर पुष्पा माली ने 815 वोटो से जीत हासिल की।

पुष्पा माली के विजय होने पर उनके समर्थकों ने मुख्य मार्गों पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वहीं चुनाव कार्यालय पर जीत की खुशी पर गुड़ बांटा गया। युवाओं ने बस स्टैंड से लेकर मुख्य रास्तों

से विजय जुलूस निकाला। जुलूस में नर्देकिशोर गर्ग,चन्द्रशेखर पारीक, हुकमाराम माली, गुमानाराम माली, पूर्व सरपंच किशनसिंह राठौड, तेजाराम सीरवी निर्मल गर्ग, गणेश सैनी,उपसंरपच लक्ष्मणसिंह राठौड, भवानीसिंह राठौड रामचन्द्र माली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

हम सभी पुष्पा माली को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते है।

महात्मा ज्योति राव फुले एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित जी जी माली विधासंकुल में श्रीमती गंगाबेन वर्धाजी और श्रीमती गीताबेन वर्धाजी माली गर्ल्स हॉस्टल

महात्मा ज्योति राव फुले एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित जी जी माली विधासंकुल में श्रीमती गंगाबेन वर्धाजी और श्रीमती गीताबेन वर्धाजी माली गर्ल्स हॉस्टल बेटियों के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम। 42 कमरों वाला गुजरात का सबसे आधुनिक और खूबसूरत गर्ल्स हॉस्टल, 400 सीटों वाला गुजरात का आधुनिक पुस्तकालय, विशाल हॉल, आधुनिक रसोईघर और सीसीटीवी कैमरों से सुसज्जित सोसायटी भवन कुछ ही समय में बनकर तैयार हो गया। इसके तहत आज 130 कन्याओं का सरस्वती पूजन एवं मूर्ति स्थापना कर भव्य प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जीजी कॉम्प्लेक्स ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं ट्रस्टी

एवं सफल प्रबंधक दादा एवं कॉम्प्लेक्स में पढ़ने वाले 400 से अधिक बेटे-बेटियां एक हजार से अधिक थे। समाज के बहुमूल्य दानदाताओं के कारण यह भव्य भवन अल्प समय में ही बनकर तैयार हो गया। अत: समाज के अनमोल दानदाताओं को बहुत-बहुत आभार प्रकट किया।

शिक्षाविद् श्रीमती किरण सैनी होगी लक्ष्मनगढ की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

लक्ष्मनगढ 17 जुलाई। शिक्षा विभाग की ओर से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मनगढ के पद पर श्रीमती किरण सैनी को पदस्थापित किया है। श्रीमती सैनी उदादास की ढाणी सीकर में प्रधानाचार्य के पद से पदोन्नति के बाद सीबीईओ के पद पर पदस्थापित किया है। श्रीमती सैनी सीकर की रहने वाली है तथा लक्ष्मनगढ के राकसिया परिवार की बेटी है। इनके पति सांवरमल सैनी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लोसल में प्रधानाचार्य के पद पर पदस्थापित है। जबकि श्रीमती सैनी के बड़े भाई विजय कुमार राकसिया जोधराम मोहन लाल बजाज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मनगढ में उपप्रधानाचार्य है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सैनी के सुपुत्र नीलोत्पल सैनी अमेजॉन सी टी एफ में विश्व विजेता तथा सुपुत्री दिव्या सैनी दस साल की उम्र में दसवीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रच चुकी हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नीलोत्पल एवं दिव्या दोनों भाई - बहन वर्तमान में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर अमेजॉन, सियटल अमेरिका में कार्यरत हैं। श्रीमती सैनी प्रधानाचार्य को पदोन्नति के बाद सीबीईओ के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्रीमती सैनी के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बनने पर शिक्षक संगठनों ने व शिक्षक नेताओं ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

New Technology स्मार्ट लॉक सेंसर से घर को रख रहे सेफ,खतरा होने या अनजान व्यक्ति के आने पर मिलती हैं सूचना

दुर रहकर भी अब मोबाइल से अपने घर और फ्लैट पर रखें नजर

जोधपुर। वर्तमान समय में न्यूक्लियर फेमिली होने के साथ ही पति-पत्नी दोनो जॉब करने से घर से बाहर रहते हैं और बच्चे स्कूल में होते है। ऐसी स्थिति में दिन में 8 से 10 घंटे तक घर व फ्लैट पर कोई नही रहता और चोरो को हाथ साफ करने का मौका मिल जाता है। ऐसे मे नए गैजेट्स लोगो की जिंदगी को आसान बनाने के साथ-साथ सुरक्षित भी रखा रहे है।

ये गैजेट्स लोगों की एनर्जी बचाने, सुरक्षा प्रदान करने के साथ हादसों को नियत्रित भी करते है। होम ऑटोमेशन ऐसा ही एक सेक्टर, जिस पर अब लोग सुरक्षित रहने व चोरी से बचने के लिए पैसा खर्च करने लगे है। होम ऑटोमेशन पहले लग्जरी लाइफ वाले अपनाते थे, अब आम लोगों की जरूरत बन गया है।

स्मार्ट फोन से होता कंट्रोल: होम ऑटोमेशल दस हजार रूपए से शुरू होने से मिडिल क्लास लोग भी आसानी से यूज कर सकते है। इसमें कई लॉक ऐसे आ गए है, जिसे स्मार्ट फोन से कंट्रोल किया जा सकता है। किसी अप्रिय घटना से बचाने के लिए इसमें सेंसर का इस्तेमाल होने यह अलार्म बजाने के साथ ही व्यक्ति को नोटिफिकेशन के जरिए सूचना भी देता है। वॉइस कमांड: होम ऑटोमेशन से घर के इलेक्ट्रिक डिवाइसेस को मोबाइल से ऑपरेटर कर सकते है। इसे दुनिया के किसी भी कोने से इस्तेमाल करके घर की बिजली बचा सकते हैं वही ज्यादा देर तक लाइट,टीवी, पंखे व एसी जैसे कोई भी डिवाइस चालू रहने पर यह मोबाइल पर नोटिफिकेशन देता है। इसमें एलेक्सा व गूगल जैसे वॉइस कमांड भी काम करते हैं।

माइक्रोवेव सेंसर: होम ऑटोमेशन में माक्रोवेव सेंसर का इस्तेमाल खासतौर पर वॉश रूम और स्मोर रूम में किया जाता है। ये सेंसर रूम से बाहर निकलने के बाद लाइट्स को ऑटोमेटिक ऑफ कर देता है। इसके लिए सेंसर का टाइम सेट करना पड़ता है। वहीं इसमें गैस और स्मोक सेंसर भी आने लगे है, जो घर व रसोई मे किसी भी तरह की गैस लीक होने पर अलर्ट करते हैं। इससे हादसों से बचा जा सकता है।

बजता है अलार्म: यह सिस्टम चोरी व अन्य तरह की घुसपेठ से घर को बचाता है। इसमें डोर और विंडो में सेंसर लगते है। जब भी कोई अनजान व्यक्ति डोर खोलने की कोशिश करता है तो मोबाइल मे नोटिफिकेशन मिलने के साथ ही अलार्म बजने लगता है। इससे घर को चोरों व अन्य लोगों से सुरक्षित रखने मे मदद मिलती है।-**लक्ष्मण गहलोत, एक्सपर्ट**

गैजेट्स की मदद जरूरी: बदलते समय के साथ सभी को स्मार्ट बनाना होगा और सिक्योरिटी के लिए गैजैट्स की मदद भी लेनी होगी। ऐसे मे होम ऑटोमेशन और होम सिक्योरिटी अब लोगों के जीवन में अहम भूमिका निभाने लगे है। अब हर कोई सिंगल डिवाइस से मल्टी टास्क करना पसंद करने से जल्द ही होम ऑटोमेशन में बड़ा बूम आने वाला है।- **सोहन सिंह सोलंकी, एक्सपर्ट**

स्मार्ट डोर लॉक: घर के दरवाजों को बंद करने व चोरो से नही खुलने के लिए स्मार्ट डोर लॉक जैसी सुविधा भी है। इस सिस्टम में फेस स्कैन लॉक, फिंगर प्रिंट लॉक, आरएफआईडी कार्ड, मोबाइल एप, ओटीपी जनरेटर व पासवर्ड जैसी सिक्योरिटी सुविधा भी है। इसके लिए एप पर यूजर का आईडी जनरेट होता है।

मदन राम देवड़ा उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रिंसिपल सीएमओ होंगे

देवड़ा संभालेंगे थार में ट्रेनों का संचालन

भोपालगढ़। भोपालगढ़ के लिए बड़े ही गर्व की बात है। रेलवे बोर्ड ने देवड़ा को दी एच ए ग्रेड में पदोन्नति रेलवे बोर्ड ने इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के अधिकारी को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद (हायर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड) एच ए ग्रेड मे पदोन्नति दी गई। जिसके बाद अधिकारी मदन राम देवड़ा ही उत्तर पश्चिम रेलवे में ट्रेन संचालन प्रमुख यानी प्रिंसिपल सीओएम होंगे। देवड़ा ट्रैफिक सर्विस के 1992 बैच के अधिकारी है, उन्होने रेलवे में एओएम कोटा के पद से शुरूआत की थी। भोपालगढ़ सालग नगर निवासी शिक्षाविद् राजा राम देवड़ा के पुत्र है। पूरे उल्लेखनीय योगदान रहा है। आपका सामाजिक क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान रहा हैं शुरूआत से ही शिक्षा के क्षेत्र मे प्रतिभा के धनी रहे है आपने स्थानीय शिक्षा जैन रत्न उच्च शिक्षा शहर से प्राप्त की है। आपने रेलवे के डीओएम, डिप्टी सीओएम, सीनीयर डीओएम जयपुर, डिप्टी सीवीओ, सीआर एम, आईआरसीटीसी, सीसीएम, साउथ ईस्टर्न रेलवे जैसे प्रमुख पद संभाल चुके है। इसके अलावा इन्होने मलेशिया और सिंगापुर में मैनेजमैट की ट्रेनिंग भी की है। देवड़ा रेलवे क चुनिंदा अधिकारियों में शामिल है, जिन्हे कमर्शियल एंव ट्रेन ऑपरेशन की अच्छी जानकारी रखते है। इस पद पर देवड़ा के प्रमोशन होने पर पितृक गांव भोपालगढ़ में एक दूसरे को मिठाई खिलाकार बधाई दी। साथ ही प्रशासनिक अधकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बधाई एंव शुभकामनांए प्रेषित की।

पारिवारिक जानकारी:

पिताजी राजाराम देवड़ा, अध्यापक पद से सेवानिवृत्त है, माँ गृहणी है। बड़े भाई चेतन राम देवड़ा कलेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए है आप रेलवे के प्रमुख बने है और आपके छोटे भाई रामजीवण देवड़ा ग्राम विकास अधिकारी, मन्दरूप राम देवड़ा राजकीय महाविद्यालय ब्यावर मे लेक्चरर एंव सबसे छोटे शैलेन्द्र देवड़ा आर.ए.एस अधिकारी बीकानेर मे कार्यरत है। पूरे परिवार क सदस्य विभिन्न उच्च पदों पर आसीन है।

राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के नव नियुक्त पदाधिकारी

सचिव:
गुलाबचन्द इन्दौरा
नोरतमल सिंगोदिया
रामस्वरूप गढ़वाल
धनाराम गहलोत
भैरूलाल माली
अशोक खेतड़ी
रतनलाल माली
सुरेश गहलोत
कान्हाराम उकाणा
हेमराज महावर
प्रभुदयाल सैनी
मांगीलाल सतरावला
कन्हैयालाल सैनी
सीताराम सैनी
साधुराम सैनी
उत्तमचन्द देवड़ा
मोहन सैनी
सोहनलाल सुमन
बिरदीलाल सैनी
विरेन्द्र कुमार बागवान
उदयलाल माली
कालूराम सैनी
कन्हैयालाल सैनी
प्रहलाद तलाइच

महामंत्री:
नरसिंह गहलोत
मंजु सैनी
गोपाललाल माली
भंवरलाल सैनी
गोपाललाल बबेरवाल
भगचन्द सैनी
लामचन्द अजमेरा
करतारसिंह
पुरूषोत्तम पुष्प
गिरराज प्रसाद कंसला
घीसालाल सैनी
सत्यनारायण सैनी
हरी किशन सैनी
भंवरलाल मालाकार
पुखराज दग्दी पुष्प
अशोक पुष्प
डी.आर गहलोत
माणकराम भाटी जैतारण
संग्रामसिंह गहलोत

प्रवक्ता:
सुनिल कुमार
ताराचन्द कच्छवाहा

पाली महिलाध्यक्षा
श्रीमती ऐश्वर्या सांखला

उपाध्यक्ष:
ज्ञानचन्द सैनी
छोटूराम सांखला
सर्वेश्वर पालरिया
कैलाश आमवीर
लटूरमल सैनी
श्रीमती सुमित्रा सैनी
अजय सैनी
मोहर सिंह करोली
ब्रह्म कुमार सैनी

संरक्षक:
बिशनाराम देवड़ा
मोतीलाल सांखला
बिरदीचन्द सिंगोदिया
सेवाराम दग्दी
सुषमा तंवर
भवानीराम माली
बहादुरमल सैनी
आर.पी.सैनी
मनफूल सैनी

प्रदेश महामंत्री (मुख्यालय)
भवानीशंकर माली

जोधपुर महिलाध्यक्षा
श्रीमती अनिता परिहार

जोधपुर ग्रामीण अध्यक्ष
अशोक गहलोत

श्री लिखमीदासजी सेवा संस्थान माली समाज जालोर-मुंबई का कार्यक्रम आयोजित

श्री गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर मुंबई के दादर में उमड़ा भारी जनसैलाब गायक रामेश्वर माली व पूजा माली ने दी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां

जालोर/मुंबई। गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठवां गुरू पूर्णिमा महोत्सव श्री लिखमीदासजी सेवा संस्थान माली समाज जालोर-मुंबई की ओर से रविवार को मुंबई की ओर से रविवार को मुंबई के ओसवाल समाज हॉल दादर में बड़े ही हर्षोल्लास व धुमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ्र में दीप प्रजवलित किया गया। दीप प्रज्वलित के लाभार्थी चुन्नीलाल पुत्र विरमाराम परिहार व आरती के लाभार्थी किशनलाल पुत्र डायाराम परमार थे। उसके पश्चात माली समाज के गायक कलाकार रामेश्वर माली और गायिका पूजा माली ने गणेश वंदना से भजनों का आगाज कर एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनो की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के नाते जालोर-सिरोही-सांचौर के कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत व ममता सैनी (आईआरएस), संस्था के अध्यक्ष किशनलाल माली व संरक्षक चेनाराम परिहार व जगदीश सोलंकी समेत संस्था के कमेटी सदस्यों ने साफा व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

इन्होंने किया संबोधित: उसके बाद वैभव गहलोत व ममता सैनी ने माली समाज को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले लाभार्थी परिवार का भी संस्था की ओर से सम्मान किया गया। गुरू पूर्णिमा के इस आठवें समारोह मे भोजन प्रसाद का भी आयोजन हुआ,जिसमें सभी समाज बन्धुओ ने प्रसादी का आनंद लिया। प्रति वर्ष होने वाले इस गुरू पूर्णिमा के उत्सव को लेकर कार्यकर्ताओ और पदाधिकारी में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम मुंबई स्थित ओसवाल भवन, दादा साहेब फालके रोड़, दादार (ईस्ट) में संरक्षक अध्यक्ष एंव कमेटी में बरो ने समारोह को सफल बनाने में कड़ी मेहनत की उसके लिए समाज बंधुओ ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में हजारों पुरूष व महिलाओं ने शिरकत कर समारोह की शोभा बढ़ाई। मंच संचालन कवि दिनेश्वर माली ने किया।

सावित्री बाई फुले शिक्षिका अवार्ड इस वर्ष शिक्षाविद डॉ.श्रीमती अर्चना पुरोहित व श्रीमती आरती सैनी को

लक्ष्मनगढ़ 18जुलाई। देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले के नाम से प्रतिवर्ष दिया जाने वाला सावित्री बाई फुले शिक्षिका अवार्ड इस वर्ष शिक्षाविद डॉ. श्रीमती अर्चना पुरोहित व श्रीमती आरती सैनी को दिया जायेगा।



अवार्ड चयन समिति के संयोजक झाबरमल सिंगोदिया व कार्यक्रम संयोजक महेंद्र कुमार चुनवाल ने बताया कि संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर आगामी 24 जुलाई को शाम 5 बजे श्रद्धानाथ जी महाराज के आश्रम के पास स्टेशन रोड स्थित श्याम शरण मैरिज गार्डन में आयोजित श्रीमती संतरा देवी बागड़ी की 10 वीं पुण्यतिथि पर यह अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। ट्रस्ट के मंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से 24 जुलाई को श्रीमती बागड़ी की 10वीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी के निर्देश पर प्रति वर्ष अवार्ड के गठित चयन समिति की ओर से चयनित दो शिक्षिकाओं को सावित्री बाई फुले शिक्षिका अवार्ड से नवाजा जाता है तथा सैनी प्रतिभाओं को भी प्रतिवर्ष 24 जुलाई को सम्मानित किया जाता है।

माली सैनी संदेश परिवार दोनों शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

हार्दिक बधाई

समाज की होनहार रत्न **कृतिका (सैनी)** पुत्री रमन सिंह सैनी रिटायर्ड व्याख्याता निवासी मालीपुरा जिला भरतपुर के फूड सेफ्टी ऑफिसर पद पर चयन 14वीं रैंक के साथ होने पर हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। हम सभी कृतिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

समाज गौरव गोल्ड मेडलिस्ट जापान से उच्च शिक्षा प्राप्त **डॉ गरिमा शाक्य (सैनी)** का केरल IIT में प्रोफेसर पद पर चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

रामरथ सेवा समिति सर्व समाज के लिए समर्पित, 7 सालों से चल रहे हैं सेवा कार्य

शव परिवहन निःशुल्क सेवा के साथ सभी चिकित्सा व सहायता उपकरण भी है उपलब्ध

जोधपुर। रामरथ सेवा समिति मंडोर की ओर से सर्व समाज के लिए किसी के परिवार में किसी व्यक्ति का स्वर्गवास होने के दौरान जरूरत पड़ने पर शव आवास से मोक्षधाम तक ले जाने के लिए रामरथ की निशुल्क सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है। इस सेवा कार्य के साथ किसी के घर परिवार में बीमार व्यक्ति की जरूरत पर ऑर्थोपेडिक पलंग, व्हील चेयर, वॉकर, ऑक्सीजन गैस सिलेंडर, छडी आदि अनेक तरह का वस्तुएं निशुल्क उपलब्ध करवाकर सहयोग किया जाता है। मंडोर क्षेत्र के माली क्षत्रिय समाज के लोग इस कार्य में पूरा खर्च मिलकर उठाने के साथ सेवा कार्य करते है। यह सेवा कार्य पिछले 7 वर्षो से लगातार जारी हैं। रामरथ सेवा समिति की टीम के सदस्यो के पास किसी जरूरतमंद परिवार के मैसेज आने के बाद रामरथ के रूप में वाहन एंव सामग्री सहज रूप से उपलब्ध करवाई जाती है। यह सेवा कार्य पुरी तरह से निशुल्क है, इस कार्य में कोई व्यक्ति या परिवार अपनी ओर से कोई राशि या उपकरण उपलब्ध करवाना चाहे को उसका स्वागत है। रामरथ सेवा समिति की टीम सर्व समाज के परिवार में किसी तरह के संकट की स्थिति हो तो हमेशा सहयोग करने मे अग्रणी भूमिका निभाकर सेवार्थ कार्य करते है।

इस तरह के उपकरण सेवा कार्य में सहयोग के रूप में देते हैं: रामरथ सेवा समिति जरूरत पड़ने पर लोगें कोडी फ्रीज, शव परिवहन के लिए वाहन, ऑर्थोपेडिक पलंग, पानी वाले गद्दे, व्हील चेयर, वॉकर, ऑक्सीजन गैस सिलेंडर मय किट, वेस्टन कमोड चेयर, छड़ी निः शुल्क सेवार्थ उपलब्ध करवाते है। इसके साथ ही वृद्धाश्रम, कुष्ट आश्रम, दिव्यांगजन, लावारिस, असहाय आदि को निःशुल्क अंतिम संस्कार सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। इसके साथ आमजन को मात्र खरीद लागत में संपूर्ण अंतिम संस्कार सामग्री के सभी तरह के आइटम उपलब्ध करवाए जाते है।

सेवा समिति की यह टीम सेवा कार्य में अग्रणी रहती हैं: रामरथ सेवा समिति के सेवा कार्य में अग्रणी रहने वाली टीम में अध्यक्ष जयसिंह गहलोत, उपाध्यक्ष दिनेश गहलोत, सचिव हरिसिंह आर्य, कोषाध्यक्ष रामेश्वर सांखला व सचिव के बतौर विरेन्द्रसिंह देवड़ा काम देखते हैं।

इस टीम में गुमानसिंह गहलोत, विक्रम पंवार , नरपतसिंह सोंलकी, रमेशकुमार गहलोत, जगवीरसिंह कच्चवाह, चेतनसिंह सांखला, कुंदनसिंह गहलोत, किशनसिंह देवड़ा व पर्वतसिंह भाटी के साथ भैरूसिंह गहलोत व अन्य लोग भी सहयोगी के तौर पर सेवा मे रहते हैं।

11 अगस्त को होगा माली समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह

प्रदेश महामंत्री माली ने की राज्यसभा सांसद गहलोत से शिष्टाचार भेंट

भीलवाड़ा 20 जुलाई। राज. प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली के नेतृत्व में भीलवाड़ा माली समाज का प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत से जोधपुर आवास पर शिष्टाचार भेंट कर राज. प्रदेश माली (सैनी) महासभा व माली सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी

विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त को आयोजित होने वाले मेवाड़ संभाग स्तरीय माली समाज के प्रतिभावान सम्मान समारोह में बतौर अतिथि शिरकत करने का निमंत्रण दिया गया। साथ ही सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर भी विस्तार से समाज के बारे में चर्चा की गई। साथ ही राजस्थान सरकार के पूर्व राजसीको चौयरमेन व पूर्व मंत्री सुनील परिहार को भी निमंत्रण पत्र देकर समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। प्रतिनिधि मण्डल में माली सैनी महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष भैरूलाल माली, माली सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था के अध्यक्ष तोताराम सांखला, प्रभुलाल माली शामिल थे। माली सैनी कर्मचारी संस्था के सचिव कन्हैयालाल माली ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि 11 अगस्त को माली समाज का मेवाड़ स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह में सत्र 2022-23 व 2023-24 के 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में भी उत्कृ प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को भी माली समाज द्वारा प्रशस्ति-पत्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया जायेगा। इस समारोह में मेवाड़ संभाग के सभी जिलों व गांवो तहसीलों की माली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा।

12 वीं पास झूमरमल माली ने खड़ी की 104 करोड़ की कम्पनी

पार्टनर के धोखा देने के बाद भी संघर्ष से आज है 256 डीलर तुनवाल ई मोटर्स के

फीनिक्स की तरह उभरना: झूमरमल पी तुनवाल की प्रेरक यात्रा

2018 में स्थापित, तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड का लक्ष्य सड़कों पर हर गैसोलीन बाइक को बैटरी से चलने वाली बाइक और स्कूटर से बदलना है। झूमरमल पी. तुनवाल एक उद्यमी हैं जो ''उदय'' वाक्यांश का प्रतीक है फीनिक्स की तरह अध्यक्ष के रूप में और तुनवाल ई-मोटर्स के प्रबंध निदेशक लिमिटेड, तुनवाल की एक मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि से एक संपन्न विद्युत कंपनी के शीर्ष तक की यात्रा वाहन उद्योग उनकी दूरदर्शिता का प्रमाण है, दृढ़ता, और व्यावसायिक कौशल।

पहली पीढ़ी के उद्यमी, तुनवाल ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी की स्थापना गांधीनगर, गुजरात में की थी। उनका सपना इसे एक सफल उद्यम में बदलना था हालाँकि, उनकी सफलता एक इष्यालु सहयोगी के क्रोध जिसने उनकी स्थापित फैक्ट्री में आग लगा दी, जिससे उसकी मेहनत और निवेश राख में तबदील हो गया।

अपनी कंपनी के बिना बीमा के, तुनवाल को पुनर्निर्माण के कठिन कार्य का सामना करना पड़ने के साथ भारी नुकसान सहना पड़ा। कोई अन्य व्यक्ति तबाह हो जाता, लेकिन तुनवाल मजबूत इरादों से बने थे। उनके दृढ़ निश्चय ने अपने व्यवसाय को पुनर्जीवित किया, इसे बड़ी कंपनी में बदल दिया और एक बार फिर 2018 में स्थापित हुई तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड। इसका लक्ष्य सड़कों पर प्रत्येक गैसोलीन बाइक को बदलना है बैटरी से चलने वाली बाइक और स्कूटर के साथ। पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दृष्टि से उत्पाद बना बाजार का नेतृत्व करने का रहा। हरित प्रौद्योगिकी में तुनवाल ने पूरा करने के वादे का पूरा किया नवीनतम तकनीक और अत्याधुनिक डिजाइन भारतीय उपभोक्ता के सपने को पूरा करने के लिए ई-2 बाजार में क्रांति, तुनवाल ने पलसाना, राजस्थान में उनकी अपनी फैक्ट्री स्थापित की।

अत्याधुनिक, व्यापक विनिर्माण संयंत्र के साथ सर्वोत्तम प्रदान करने के लिए तुनवाल का उत्साह और दृढ़ संकल्प समृद्ध भविष्य के लिए ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी के लिए वरदान बना। आज कंपनी का पुणे में एक कॉर्पोरेट कार्यालय है।

तुनवाल ई-मोटर्स की उन्नति का श्रेय दिया जाता है श्री तुनवाल के उत्साह और श्रम, साध्य प्रयास, जो वर्तमान में व्यवसाय के हर पहलू का प्रबंधन करता है इलेक्ट्रॉनिक की खरीद के लिए अनुसंधान एवं विकास घटक, इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण, बुकिंग और पंजीकरण, और उनके सम्पानित लोगों तक समय पर डिलीवरी यही उनका ध्येय है। तुनवाल मानते हैं कि हमारा व्यवसाय सिर्फ इतना ही नहीं है एक ग्राहक आधार बनाना, लेकिन निर्माण के बारे में भी पीढ़ियों के लिए बेहतर, स्वच्छ और हरित भविष्य आने के लिए अपना योगदान देना है। भारत के विकसित हो रहे ई-2 में एक महत्वाकांक्षी खिलाड़ी के रूप में तुनवाल कहते हैं, ''बाजार में, हम किफायती पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी का मानक बनना चाहते हैं।'' तुनवाल ई-मोटर्स ने एक विस्तृत श्रृंखला विकसित की है, ई-वाहन जो विभिन्न मापदंडों पर खरे उतरते हैं, जिनमें शामिल हैं गति, माइलेज, बैटरी जीवन, आराम और सुविधा। उनकी पेशकशों का केंद्र गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता है सुरक्षा, सभी ई-2 गर्व से ARAI प्रमाणीकरण के साथ। प्रत्येक तुनवाल ई-2 में डिजिटल स्पीडोमीटर, ट्यूबलेस टायर, और एक उच्च-कठोर ट्यूबलर फ्रेम। इसके अतिरिक्त, तुनवाल ई-मोटर्स रंग विकल्पों की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है। आज तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड का लक्ष्य प्रत्येक गैसोलीन बाइक को बदलना है बैटरी से चलने वाली बाइक के साथ सड़कों पर और स्कूटर। सृजन की दृष्टि से प्रेरित पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद बना कंपनी हरित बाजार का नेतृत्व करने का प्रयास करती है। तुनवाल ने आधुनिक नवीनतम तकनीक और अत्याधुनिक डिजाइन भारतीय उपभोक्ताओं के लिए देने का वादा किया है।

तुनवाल का कहना है कि मेरी दृष्टि बिजली की तेजी से वृद्धि देखने की है भारत में वाहन, देश के कच्चे तेल को काफी कम कर रहे हैं तेल आयात और प्रदूषण के स्तर को कम करना, तुनवाल ने कहा। E2W जैसी उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित हैं एक चोरी-रोधी अलार्म और एक स्मार्ट लॉकिंग सिस्टम। इसके बावजूद उनकी उन्नत सुविधाएँ और उच्च गुणवत्ता, तुनवाल E2W हैं आर्थिक रूप से कम कीमत में उपलब्ध है। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी योजनाएं, उन्हें और भी अधिक उपयोगी बनाती हैं जिससे उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक विकल्प उपलब्ध है। तुनवाल ने कहा कि हम प्रतिबद्ध हैं किफायती पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी लागू करने के लिए एक बेंचमार्क बना भारत के तेजी से बढ़ते E2W बाजार में जैसे-जैसे हमारा ब्रांड बढ़ता है, हमारा लक्ष्य नवाचार के लिए मानक स्थापित करना है इस विकसित उद्योग में स्थिरता के साथ उपलब्ध कराना है।

कंपनी में अमित कुमार माली, पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यरत हैं जो दूसरे नंबर पर हैं और तुनवाल के साथ मिलकर काम करते हैं। वह बिक्री सहित दिन-प्रतिदिन के कार्यों की देखरेख करता है विपणन, और तुनवाल को बहुमूल्य अंत दृष्टि को प्रदान करते है, जो है ब्रांड को सफलता में बहुत बड़ा योगदान है। उनकी आकांक्षा है युवाओं के लिए रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा करना भारत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए बिजली के वाहनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध करवाना। उन्होंने अब तक अपनी कंपनी की 256 डीलरशिप नियुक्तियां करने के साथ ही लगभग 104 करोड़ रुपये की बिक्री की हैं। यह इस ब्रांड की निरंतर प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में कार्य किया कुशल इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के माध्यम से महानता की और दृढ़ विपणन क्षमताएँ का परिणाम है। तुपवाल ने कहा कि हम मानते हैं कि यह केवल हमारा व्यवसाय करने का आधार नहीं है हमारे हर वाहन के निर्माण के बारे में भी बेहतर, स्वच्छ और हरित भविष्य आने वाली पीढ़ियों के लिए किफायती पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी का बेंचमार्क बनाना है।

कंपनी में अमित कुमार माली, पूर्णकालिक निदेशक, दूसरे कमांड के रूप में कार्य

करते है और तुनवाल के साथ निकटता से वह बिक्री और विपणन सहित दिन-प्रतिदिन के कार्यों की देखरेख करते है, जो ब्रांड के लिए बहुत योगदान है उनकी आकांक्षा महत्वपूर्ण सृजन करने की है युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भारत के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों का महत्व बताना है।

झुमरमल तुनवाल की कहानी का एक दिलचस्प पहलू यह है वह ग्रेजुएट भी नहीं है अभी 12वीं ही पूरी की है लेकिन किसी नहान कंपनी का संस्थापक बनने के साथ ही बहुत सारे लोगों को रोजगार दिया है, जिनमें कई योग्य लोग भी शामिल हैं। उसका एक साधारण शैक्षणिक पृष्ठभूमि से नेतृत्व तक का सफर एक सफल उद्यम वास्तव में उल्लेखनीय है। शिक्षा में उनकी विशेष रुचि कभी नहीं रही। उनका जुनून हमेशा व्यवसाय रहा है, और एक सफल उद्यमी बनने की लालसा रही। उन्हें कोई पछताया नहीं है, क्योंकि अब वे कई शिक्षितों को रोजगार के अवसर प्रदान करते है। तुनवाल की उद्यमशीलता यात्रा 1996 में शुरू हुई इससे पहले कि उन्होंने अपनी 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। अपनी 12वीं की परीक्षा के बाद वह अपने चाचा के साथ रहने के लिए मुंबई चले आए। शहर में कुछ समय बिताने के साधारण इरादे से। मुंबई की चकाचौंध और ग्लैमर से मोहित होकर उन्हें ऐसा महसूस हुआ शहर की जीवंत ऊर्जा की ओर अनूठा आकर्षण। बजाय अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए, तुनवाल ने खुद को विसर्जित करने का फैसला किया काम की दुनिया में उनके चाचा इलेक्ट्रॉनिक का व्यवसाय चलाते थे। तुनवाल ने छोटे-छोटे कामों में उनकी मदद करना शुरू कर दिया। एक स्वाभाविक योग्यता और सीखने की उत्सुकता थी। उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता पर किसी का ध्यान नहीं गया। उनके समर्पण और उनकी त्वरित पकड़ से प्रभावित होकर व्यापार संचालन की दुनिया से यह शुरुआती परिचय इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसाय ने तुनवाल के भविष्य की नींव रखी प्रयास तुनवाल ने शुरू में जिस कंपनी की स्थापना की थी उसका नाम तुनवाल था 1997 में पुणे में इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई और सप्लाई का काम किया एकीकृत सहित इलेक्ट्रॉनिक घटकों का व्यापार सर्किट, आईसी, आदि में कंपनी अग्रणी विक्रेता इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में बन गई। तब से वो पीछे नहीं हटे और उनका एक लाभदायक उद्यम बन गया। तभी उन्होंने निर्णय लिया इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों निर्माण करना। 2012 में, तुनवाल ने मिलने के लिए चीन की यात्रा की और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं से मिले। उनका यह दौरा उन्हें इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण स्थापित करने के लिए प्रेरित किया और भारत में ई-2 संयंत्र लगाने के लिए उन्होंने फैक्ट्री की जमीन किराए पर ले ली अपना इलेक्ट्रिक वाहन स्थापित करने के लिए गांधीनगर, अहमदाबाद लगभग 1 करोड़ रुपये में असेंबली प्लांट से शुरुआत की। इलेक्ट्रॉनिक दोपहिया वाहनों के निर्माण में उनकी यात्रा में तुनवाल ने अपने वित्तीय संसाधन और प्रयास दोनों समर्पित कर दिये आने वाले वर्षों में कंपनी को हुए अच्छे खासे मुनाफे से हड़कंप मच गया उन सहयोगियों में से एक में ईष्या में जिसने उसकी मदद की थी भूमि के साथ, इसी सहयोगी ने दुर्भावनापूर्ण ढंग से कार्य कर कंपनी को बड़ा झटका कथित तौर पर उसने आग भड़काई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। लेकिन तुनवाल आसानी से निराश नहीं हुए। इसके बजाय, उसने प्रतिकूलता को मुसीबत में बदल दिया विकास का अवसर में लौकिक फीनिक्स की तरह, वह अपने जुनून को राख से पुनर्जीवित किया और उसे पुनः स्थापित किया लाभदायक स्थिति। ''व्यक्ति में वापस उछलने और आगे बढ़ने की क्षमता होनी चाहिए जब चीजें गलत हो जाती हैं तो जीवन में आगे बढ़ें। अगर हम रोते रहेंगे आत्म-दया और हताशा में, हम अपने सपने हासिल नहीं कर सकते, ऐसा तुनवाल कहते हैं.

